देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 16.12.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना 2025–26 के तहत उत्तराखंड को ढाई सौ करोड़ रुपए की दूसरी किस्त जारी की।
- प्रदेश में आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े सभी कार्मिकों को फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में तैयार किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड को देश के अग्रणी और समृद्ध राज्यों में शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
- पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2025–26 के लिए 11 मोटर मार्गों की स्वीकृति; लगभग एक हजार सात सौ छियानब्बे करोड़ रुपये से अधिक की आएगी लागत।

<u>किस्त जारी</u>

केंद्र सरकार ने विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना 2025–26 के तहत उत्तराखंड को लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए की दूसरी किस्त जारी की है। यह राशि वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गई है, जिससे प्रदेश में विकास से जुड़ी परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस वित्तीय सहयोग के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इससे उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और जन उपयोगी विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सहायता राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी सहायक होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राप्त धनराशि का उपयोग सड़कों, पुलों, शहरी और ग्रामीण अधोसंरचना, पेयजल, ऊर्जा सहित अन्य पूंजीगत परियोजनाओं में पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा, ताकि आम जनता को सीधा लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को आठ सौ 47 करोड़ रुपए की सहायता मिल चुकी है।

फर्स्ट रिस्पांडर

उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अब आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े सभी कार्मिकों को फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके लिए आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र और यू–प्रिपेयर परियोजना के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को समग्र आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाएगा। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा संवेदनशील राज्य होने के चलते उत्तराखंड में यह आवश्यक है कि प्रत्येक कार्मिक के पास आपदा के समय जीवन रक्षक बुनियादी कौशल हों, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, घायलों को सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित करने, रस्सी आधारित बचाव तकनीक सहित अन्य आवश्यक विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, बादल फटना, हीट वेव और कोल्ड वेव जैसी आपदाओं के दौरान फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में भूमिका निभाने पर विशेष जोर रहेगा। यह प्रशिक्षण एसडीआरएफ और एनडीआरएफ जैसी विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा दिया जाएगा।

पीआरएसआई अधिवेशन संपन्न

विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का देहरादून में कल भव्य समापन हुआ। अधिवेशन में देशभर से जनसंपर्क, संचार और मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया और जनसंचार की भूमिका, तकनीकी बदलावों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर मंथन किया गया।

समापन अवसर पर राज्य कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक का है, ऐसे में युवाओं को अधिक कौशल और दक्ष बनाना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर रोजगार और आवश्यक कौशल उपलब्ध कराए जाएं तो पलायन जैसी समस्या पर रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने जनसंचार को देश को सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम बताते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर एक उभरती शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है और इसमें संचार से जुड़े लोगों की अहम भूमिका है।

विजय दिवस

आज विजय दिवस है। यह दिन वर्ष 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत की याद दिलाता है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का गठन हुआ।

विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय सशस्त्र बलों, भूतपूर्व सैनिकों और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर भारतीय सैन्य इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन है, जो भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, समर्पण और बलिदान की याद दिलाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन भारतीय सैनिकों के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम के सामने पाकिस्तानी सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्पर रहते हैं और उनका योगदान हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड को देश के अग्रणी और समृद्ध राज्यों में शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। देहरादून में एक निजी समाचार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिये सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार और स्वरोजगार बढ़ाने के लिए 30 से अधिक नई नीतियां बनाई गई हैं, जिसका सकारात्मक असर विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है।

जबरन धर्मांतरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान और जनसांख्यिकी का संरक्षण, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण–एस.आई.आर पर अपने विचार रखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे एक संवैधानिक और आवश्यक प्रक्रिया बताया और कहा कि इससे लोकतंत्र को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य होने के कारण उत्तराखंड में मतदाता सूची का शुद्ध होना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियों और प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य के समन्वय से बुनियादी ढांचे, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। चारधाम परियोजना, ऑल वेदर रोड और रेल परियोजनाओं को उन्होंने राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई के तहत हजारों एकड़ सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

स्वीकृति

पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2025—26 के लिए 11 मोटर मार्गों की स्वीकृति दी गई है। इन सड़कों पर एक हजार सात सौ छियानब्बे करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। यह स्वीकृति पाबौ, एकेश्वर, बीरोंखाल और पोखड़ा विकासखंडों में दी गई है।

इन सड़कों की स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा और आवागमन आसान होगा। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि सभी स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर———

आंगनबाड़ी से सेवानिवृत्ति पर मिलेंगे एक लाख रूपये। इस खबर को सभी समाचार पत्रों में स्थान मिला है। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है राज्य में आंगनबाड़ी कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर एक लाख रूपये की सहायता राशि मिलेगी, अब तक यह राशि 40 हजार रूपए थी।

केंद्र ने उत्तराखंड को विशेष पूंजी निवेश के तहत दी 249 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है— केंद्रीय सहायता से मजबूत होगा प्रदेश का आधारभूत ढांचा।

एसआईआर पर नवोदय टाइम्स में छपी खबर का शीर्षक है वोटर लिस्ट को पारदर्शी बनाना है एसआईआर का लक्ष्य। मुख्यमंत्री के हवाले से समाचार पत्र लिखता है— एस.आई.आर से प्रत्येक पात्र नागरिक के अधिकार होंगे सुरक्षित।